राजस्थान पत्रिका 19/9/14

टोंक पत्रिका

सप्ताह का समापन › मालपुरा में विजेताओं को सम्मानित किया

हिन्दी को दें प्राथमिकता

मालपुरा के अविकानगर में गुरुवार को हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

मालपुरा

jaipur@patrika.com

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में चल रहे हिन्दी सप्ताह का समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के निदेशक हरीश चंद्र जोशी ने संस्थान में हिन्दी में किए जाने वाले कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने हिन्दी भाषा को कार्य में अधिकाधिक प्राथमिकता दिए जाने का आह्वान किया।

जोशी ने भारत सरकार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जारी प्रोत्साहन योजनाओं व पुरस्कारों की जानकारी भी दी। संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी के बढ़ते प्रयोग से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में बताया। सहायक निदेशक (राजभाषा) मुरारीलाल गुप्ता ने हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में वैज्ञानिकों के लिए आयोजित शोध पत्र प्रदर्शन में डॉ. कल्याण की टीम को प्रथम एवं डॉ. सुरेश चंद की टीम को द्वितीय, कम्प्यूटर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में डॉ. राजकुमार प्रथम, डॉ. सुरेन्द्र सांख्यान द्वितीय, हिन्दी सामान्य ज्ञान में महेन्द्र कुमार शर्मा एवं चंद्रप्रकाश टेलर प्रथम, लक्ष्मीकांत कश्यप व डॉ. विजयकुमार सक्सेना द्वितीय, निबंध में रामस्वरूप छीपा प्रथम, चंद्रप्रकाश टेलर द्वितीय, श्रुतिलेख में गोपाललाल मीणा प्रथम, बन्नालाल मीणा द्वितीय तथा कालीशंकर शर्मा तृतीय रहे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में सी. एल. मीणा व राजेश प्रथम, पीलू मीणा एवं इंजीनियर विनोद कदम द्वितीय, स्वरचित कविता में डॉ. लीलाराम गुर्जर प्रथम एवं नेमीचंद गुप्ता द्वितीय रहे। सभी विजेताओं को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा सहायक निदेशक मुरारीलाल गुप्ता ने किया।